# कार्यालय–अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी।

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

संख्या–1193 /अधी0गंज0/भण्डार पत्रा0/ /दिनांक 07–02–2025

राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर साहीवाल पशुओं हेतु राशन की व्यवस्था किए जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते पशुपालन विभाग की बेबसाइट **animalhusb.upsdc.gov.in** पर उपलब्ध होगी। सम्बन्धित कच्चे माल को वर्ष 2025–26 (माह 01–04–2025 से 31–03–2026) तक क्रय हेतु ई–निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से **submit** की जाएगी।

| क्र0 सं0 | कच्चे माल का विवरण | बजट आधार अनुमानित कीमत (रू0 1,26,47,000) (एक करोड छब्बीस लाख सैतालीस हजार) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | ई–निविदा अवधि | तकनीकी बिड खुलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (लाल/पीली) | 860 कुन्तल | रू0 126970.00 (रू0 एक लाख छब्बीस हजार नौ सौ सत्तर मात्र) | 19000.00<br>GST 18% 3420.00<br>total 22420.00 | 01–04–2025 से 31–03–2026 | दिनांक 06–03–2025 को अपरान्ह 01.00 बजे |
| 2 | डी0 सरसों खली | 620 कुन्तल | | | | |
| 3 | सरसो खली | 360 कुन्तल | | | | |
| 4 | राइस पॉलिश | 860 कुन्तल | | | | |
| 5 | गेहूँ का चोकर (मोटा फ्लोर मिल) | 310 कुन्तल | | | | |
| 6 | डी0आर0पी0 | 1340 कुन्तल | | | | |
| 7 | नमक | 110 कुन्तल | | | | |
| 8 | डी0सोयाबीन खली | 220 कुन्तल | | | | |
| 9 | डी0मूंगफली खली | 540 कुन्तल | | | | |
| 10 | डी0सी0पी0 | 30 कुन्तल | | | | |

**ई–निविदा की नियत तिथि एवं समयः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि एवं समयः– | 24–02–2025 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 2. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समयः– | 24–02–2025 समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से |
| 3. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 05–03–2025 समय अपरान्ह 04.30 बजे तक |
| 4. | तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी एवं कच्चे माल के नमूनें जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 05–03–2025 समय अपरान्ह 05.00 बजे तक |
| 5. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– | 06–03–2025 समय अपरान्ह 01.00 बजे |

(डा0ए0के0चौरसिया)
अधीक्षक

**राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर पशु आहार बनाने हेतु क्रय किये जाने वाले कच्चे मालों के क्रय के लिये आमंत्रित की जाने वाली निविदा की नियम एवं शर्ते।**

1. निविदा प्रपत्र शुल्क किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **मुख्य तकनीकी अधिकारी राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया लखनऊ** के पक्ष में जारी बैक डिमान्ड ड्राफ्ट स्वीकार्य होगा।
2. निविदा डालने वाली फर्मो को नियमानुसार अर्नेस्ट मनी के रूप में धनराशि का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो **मुख्य तकनीकी अधिकारी राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया लखनऊ** के पक्ष में बन्धक ही, स्वीकार्य होगी।
3. तकनीकी विड की हार्ड कापी के रूप में केवल निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमान्ड ड्राफ्ट एवं अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0 मूल रूप में कार्यालय में जमा करना होगा, शेष प्रपत्र आनलाइन अपलोड करने होगें।
4. निविदा हेतु जी0एस0टी0 पंजीयन होना अनिवार्य है, जिसकी स्व0 प्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को विगत तीन वित्तीय वर्षों 2021—22, 2022—23, 2023—24 अर्थात कर निर्धारण वर्षों (Assesment Year) 2022—23, 2023—24, 2024—25 का आयकर विवरण संलग्न करना होगा।
6. निविदादाता के नाम कम से कम रू0 15,00,000.00 (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र होना चाहिए।
7. सम्बन्धित फर्म को पशुआहार निर्माण/कच्चे माल आपूर्ति का सरकारी/गैर सरकारी संस्था में अनुभव सम्बन्धी प्रमाण पत्र लगाना होगा।
8. कच्चा माल प्रत्येक प्रकार की गंदगी, मिलावट, दुर्गन्ध एवं फफूंद रहित होना चाहिए एवं कच्चे माल के मानक बी0आई0एस0 (BIS) के अनुसार होगें।
9. आपूर्ति किये गये माल का परीक्षण पशुपालन निदेशालय स्थित आहार परीक्षण प्रयोगशाला से कराया जायेगा और उसकी रिपोर्ट दोनों पक्षो को मान्य होगी।
10. तकनीकी बिड खुलने से पूर्व कच्चे माल के अलग—अलग सैम्पल उपलब्ध कराने होगें। सैम्पल पारदर्शी पॉलीथीन की थैली में दिया जायेगा तथा चिट पर अपना पूरा पता आदि लिखकर उक्त थैली के अन्दर डालकर प्रस्तुत करना होगा। बिना नमूना दिये ई—टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा।
11. क्रय—विक्रय समिति यदि आवश्यक समझती है तो न्यूनतम दरदाता फर्म से निगोसियेशन कर सकती है।
12. आपूर्ति के समय नेत्र परीक्षण में कच्चा माल मानक के अनुरूप न पाए जाने पर माल को वापस कर दिया जायेगा तथा आपूर्ति किये गये सामान को अपने खर्च पर उठाना होगा, जिसके लिए फर्म द्वारा विभाग पर कोई क्षतिपूर्ति दावा नही किया जायेगा (कच्चे माल का मानक विस्तृत सेवा शर्तो के साथ संलग्न है)।
13. निविदा की दरें एफ0ओ0आर0 प्रक्षेत्र गोदाम होनी चाहिए। केवल जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगी।

14 सफल निविदादाता फर्म को क्रय किये जाने वाले कच्चे माल के अनुमानित लागत के 05 प्रतिशत जमानत धनराशि का राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0 बनवाकर **उपनिदेशक (प्रक्षेत्र) पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ** के पक्ष में बन्धक रखनी होगी उत्तर प्रदेश प्रक्योरमेन्ट मैनुअल 2016 के अध्याय 09 के क्रमांक 9.14 में स्पष्ट उल्लिखित है कि जमानत धनराशि अनुमानित लागत के 05 प्रतिशत सौ के निकटतम गुणज के बराबर देय होगी। स्वीकृत टेण्डरदाता द्वारा निर्धारित अवधि में अनुबन्ध करने में असफल रहने की दशा में आपूर्ति में अनिच्छुक मानते हुये

धरोहर राशि जब्त करते हुये द्वितीय न्यूनतम दरदाता से न्यूनतम दरों पर अनुबन्ध हेतु विचार किया जा सकता है। जिन निविदादाता की दरे स्वीकार की जायेगी उन्हे भारतीय स्टाम्प अधिनियम–1899 की अनुसूची एक–ख के अनुच्छेद–57 के अन्तर्गत रू0 100/–(रूपया एक सौ मात्र) के स्टैम्प पेपर पर दर अनुबन्ध करना होगा जिसका व्यय निविदादाता द्वारा स्वयं किया जायेगा कि उक्त पर उत्तर प्रदेश शासन की निबन्धन विभाग की एम0ए0क्यू0 क्र0सं0–16 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सम्बन्धित ठेकेदारों को इस आशय धनराशि रू0 50.00 का शपथ पत्र/बान्ड भरना होगा कि ''मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन याचिका का निर्णय यदि राज्य सरकार के पक्ष में कर दिया जाता है तो नियमानुसार देय स्टाम्प शुल्क का भुगतान किया जायेगा''।

15 क्रय आदेश बजट की उपलब्धता के आधार पर जारी किया जाएगा।

16 कोई टेण्डर सशर्त स्वीकार नही किया जायेगा।

17 अपरिहार्य कारणों से कच्चे माल की मात्रा घटाई–बढ़ाई जा सकती है।

18 तकनीकी बिड मे स्वीकार्य निविदादाता की ही वित्तीय विड हेतु अर्ह माने जाएगे।

19 रेट कान्ट्रेक्ट समान्य स्थित में टेण्डर दिनांक 01–04–2025 से 31–03–2026 तक या अगला टेण्डर स्वीकृत होने तक निविदादाता को मान्य होगी।

20 क्रय आदेश निर्गत होने की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना होगा।

21 क्रय समिति को बिना कारण बतायें निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

22 विस्तृत विवरण कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा।

23 क्रय उत्तर प्रदेश प्रक्योरमेन्ट मैनुअल तथा समय–समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत किया जायेगा।

24 किसी राजकीय विभाग व अन्य संस्थान द्वारा फर्म को काली सूची में न डालने अथवा डिबार अथवा अर्नेस्ट मनी न जब्त होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र नोटराइज्ड रू0 10.00 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रमाण पत्र अपलोड करें।

25 सफल निविदादाता को उत्तर प्रदेश प्रक्योरमेन्ट मैनुअल में वर्णित इंटीग्रिटी पैक्ट (Integrity Pact Ref Para 18.9) को भी हस्ताक्षरित करना होगा।

26 निविदादाता को सरकारी विभाग/संस्था में कच्चा माल आपूर्ति करने का विगत तीन वर्षो में सफल आपूर्ति से सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

27 क्रय–विक्रय मण्डी परिषद द्वारा निर्गत व्यापार लाइसेंस की छायाप्रति अपलोड करनी होगी।

28 जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपलोड करना होगा।

भुगतान–

1. समस्त बिलों का भुगतान अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा बजट की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता से किया जायेगा।
2. आपूर्ति किये गये कच्चे माल के बिल का 80 प्रतिशत भुगतान प्राथमिकता के आधार पर तथा शेष 20 प्रतिशत भुगतान कच्चे माल की विशलेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार किया जायेगा।

अन्य शर्ते–

1. स्वीकृत निविदादाता द्वारा समय से मानक के अनुरूप आपूर्ति न करने के कारण यदि वैकल्पिक व्यवस्था अपना कर क्रय करना पड़ता है तो ऐसी स्थिति में क्षति होने पर उसकी पूर्ती सम्बन्धित निविदादाता फर्म को करनी होगी।

2. यदि आपूर्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो नियमानुसार पंच निर्णय के माध्यम से निपटारा हेतु संदर्भित किया जायेगा एवं उनके द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पक्षो को मान्य होगा, तथा किसी प्रकार के विधिक प्रकरण मे न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।
3. उपरोक्त शर्तो में आपूर्तिकर्ता एवं क्रेता द्वारा उभय पक्षीय सहमति द्वारा आवश्यकतानुसार फेर–बदल किया जा सकता है। उपरोक्त सभी शर्ते मुझे/हमें मान्य है तथा इन शर्तो को ध्यान मे रखकर ही निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

निविदादाता का हस्ताक्षर..............................
नाम...................................................................
फर्म/कम्पनी की सील..................................
पूरा पता...........................................................

# कच्चे मालों के मानक

| क्र0 सं0 | कच्चे माल का नाम | नमी | क्रुड प्रोटीन न्यूनतम | क्रुड वसा न्यूनतम | क्रुड फाइवर अधिकतम | सिलिका अधिकतम | नानफूडग्रेन बाहरी तत्त अधिकतम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (पीली/लाल) | 10 | 9 | 2 | --- | --- | --- |
| 2 | डी0 मूँगफली खली | 10 | 42 | 7 | --- | --- | --- |
| 3 | सरसों खली | 10 | 35 | 8 | 9 | --- | --- |
| 4 | डी0 सरसों खली | 10 | 38 | --- | --- | --- | --- |
| 5 | राइस पालिश | 10 | 11 | 15 | 4 | --- | --- |
| 6 | डी0आर0पी0 | 10 | 14 | --- | 12 | --- | --- |
| 7 | गेहूँ चोकर | 12 | 13 | --- | 12 | --- | --- |
| 8 | डी0 सोयाबीन खली | 10 | 45 | 7 | --- | --- | --- |

उपरोक्तानुसार विभिन्न कच्चे मालों के मानकों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है। कच्चे मालों की दरे उपरोक्त मानकों/बी0आई0एस0 के अनुसार ही निविदा में प्रस्तावित की गयी है तथा आपूर्ति भी निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप ही करेंगें।

हस्ताक्षर.........................................................................

निविदादाता का नाम व पता....................................

फर्म की मुहर................................................................

# अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी

अल्पकालीन ई–निविदा तकनीकी बिड

राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा प्रक्षेत्र हेतु वर्ष 2025–26 (माह 01–04–2025 से 31–03–2026) की अवधि हेतु कच्चे मालों कें क्रय के सम्बन्ध में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–1193 दिनांक 07–02–2025 सम्बन्धी तकनीकी निविदा प्रपत्र का विवरणः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म का नामः– | |
| 2. | निविदादाता / फर्म का पता मोबाईल / व्हाट्सएप नं0 / ई0मेल आई0डी0 :– | |
| 3. | जी0एस0टी0 सं0 / तिथि वैधता दिनांक (प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 4. | आयकर स्थायी संख्या–(PAN) (प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित संलग्न करें) | |
| 5. | निविदादाता को विगत तीन वित्तीय वर्षों 2021–22, 2022–23, 2023–24 अर्थात कर निर्धारण वर्षों (Assesment Year) 2022–23, 2023–24, 2024–25 का आयकर विवरण स्वप्रमाणित संलग्न करना होगा। | |
| 6. | धरोहर धनराशि (अर्नेस्टमनी) विवरण (एफ0डी0आर0 मूल रूप में संलग्न करें) | |
| 7. | निविदादाता के नाम कम से कम रू0 15,00,000.00 (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र होना चाहिए। | |
| 8. | अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न | |
| 9. | निविदा प्रपत्र क्रय फीस का बैंक ड्राफ्ट (मूल रूप में संलग्न करें) | |
| 10. | किसी राजकीय विभाग व अन्य संस्थान द्वारा फर्म को काली सूची में न डालने अथवा डिबार अथवा अर्नेस्ट मनी न जब्त होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र नोटराइज्ड रू0 10.00 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रमाण पत्र अपलोड करें। | |
| 11 | क्रय–विक्रय मण्डी परिषद द्वारा निर्गत व्यापार लाइसेंस की छायाप्रति अपलोड करनी होगी। | |
| 12 | जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपलोड करना होगा। | |

घोषणा

मैने / हमने क्रय प्रस्ताव प्रपत्र (निविदादाताओ के लिए आवश्यक निर्देश) के लिय निर्देश को भलीभॉति पढ़ / समझ लिया है तथा उनका अनुपालन करने हेतु बचनबद्ध हूँ / है। मै अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा निर्धारित समय सीमा में आदेशित मात्रा की आपूर्ति करने में पूर्णतया समर्थ हूँ / है। कार्य निष्पादन में किसी प्रकार का विलम्ब या असफल होने पर मेरी / हमारी सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी। क्रय प्रस्ताव प्रपत्र में दी गयी सूचनायें मेरी / हमारी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। क्रय प्रस्ताव प्रपत्र में सम्बन्धित कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है। क्रय प्रस्ताव में गठित कमेटी का निर्णय मान्य होगा। क्रय प्रस्ताव की शर्ते स्वीकार है। उपरोक्त के विपरित यदि कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो मेरी / हमारी निविदा निरस्त कर दी जाये। इसमें मुझे / हमें कोई आपत्ति नही होगी।

स्थानः.......................................................... निविदादाता अधिकारी प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

दिनांकः...................................................... प्रतिष्ठान की मुहर

# अधीक्षक, राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र, चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी

## अल्पकालीन ई–निविदा वित्तीय बिड

अधीक्षक, राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा दैनिक समाचार पत्र राज्य संस्करण में प्रकाशित निविदा सूचना प्रकाशन सूचना संख्या–1193 दिनांक 07–02–2025 के क्रम में निम्न विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 (माह 01–04–2025 से 31–03–2026) तक की अवधि के लिये आपूर्ति हेतु एफ0ओ0आर0 दरें समस्त करों सहित प्रस्तावित हैः–

| क्र0 सं0 | कच्चे माल का नाम | क्रय की जाने वाली अनुमानित मात्रा (कुन्टल में) | दर प्रति कुन्टल |
|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (लाल/पीली) | 860 कुन्तल | |
| 2 | डी0 सरसों खली | 620 कुन्तल | |
| 3 | सरसो खली | 360 कुन्तल | |
| 4 | राइस पॉलिश | 860 कुन्तल | |
| 5 | गेहूँ का चोकर (मोटा फ्लोर मिल) | 310 कुन्तल | |
| 6 | डी0आर0पी0 | 1340 कुन्तल | |
| 7 | नमक | 110 कुन्तल | |
| 8 | डी0सोयाबीन खली | 220 कुन्तल | |
| 9 | डी0मूंगफली खली | 540 कुन्तल | |
| 10 | डी0सी0पी0 | 30 कुन्तल | |

उपरोक्त कच्चे मालों की आपूर्ति राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी की आवश्यकता हेतु निविदा शर्तों के अनुसार किये जाने के लिये सहमत हूँ। आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय–समय पर क्रय आदेश के अनुसार की जायेगी।

हस्ताक्षर..............................................................................

निविदादाता का नाम व पता.......................................

..........................................................................................

फर्म का मुहर.................................................................